>

Title : Need to award Bharat Ratna to great musician Baba Allauddin Khan and to declare Maihar Band in Madhya Pradesh as a national heritage.

श्री गणेश सिंह : उपाध्यक्ष महोदय, आपने मुझे अपनी बात रखने का अवसर दिया, उसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। दुनिया के महान संगीतक उस्ताद बाबा अलाउद्दीन खां मध्य प्रदेश के, जो मेरे लोक सभा क्षेत्र के अंतर्गत मैहर नामक स्थान है, जहां मां शारदा की पवित्र पीठ है, उसे अपनी साधना स्थली बना कर पूरे जीवन नये-नये वाद्यवृन्द की खोज करके उन्होंने लगभग 150 रागनियों का समावेश किया था। मैहर बैंड के नाम से उन्होंने एक ऐसी राग एवं साज तैयार की थी, जिसमें विदेशी धुनों का भी समावेश था। वह नल तरंग विश्व में अनोखी साबित हुई, जिसे बाबा ने देश के सभी संगीत घरानों में प्रस्तुत करके सबको मोहित किया था। आज वह संगीत महाविद्यालय मैहर में एक धरोहर के रूप में कलाकार उसकी प्रस्तुति करते हैं। बाबा के पंडित रविशंकर जी, अन्नपूर्णा देवी, उस्ताद अली अकबर खां साहब जैसे सैंकड़ों महान शिष्य उनके संगीत को सीख कर दुनिया में अपना नाम रोशन कर चुके हैं।

उपाध्यक्ष महोदय, बाबा का संगीत हमारे देश की एक धरोहर है, जिसे बचाए रखना जरूरी है। मध्य प्रदेश का संस्कृति मंत्रालय हर वर्ष 18 व 19 फरवरी को राष्ट्रीय संगीत समारोह आयोजित करता है, परन्तु बाबा अलाउद्दीन जी, जिन्हें अभी तक भारत रत्न नहीं दिया गया है, जबकि उनके शिष्यों को मिल चुका है। इसलिए मांग है कि उन्हें भारत रत्न से विभूषित किया जाए तथा मैहर बैंड को राष्ट्रीय धरोहर घोषित करते हुए हर वर्ष फरवरी माह में आयोजित होने वाले कार्यक्रम को अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का आयोजन कराने हेतु भारत सरकार का संस्कृति मंत्रालय मध्य प्रदेश को आर्थिक सहायता प्रदान करे।